आईटीएम में हुआ छात्र व्याख्यान

शैक्षिक गुणवत्ता और छात्रों के समग्र विकास के लिए व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल अत्यंत आवश्यक : यादव

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा भूतपूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में हर्षिता यादव (फिजिक्सवाला संस्थान) शामिल हुईं। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, डॉ. संजय जोथे, डॉ. वीरेंद्र जैन, डॉ. काजल चौधरी, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रोरणा, संजय माहौर, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुमन त्रिपाठी, छात्रा दिव्यांशी, मुस्कान पिप्पल सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा के साथ हुआ। इसके बाद अतिथि को तिलक और पुष्प भेंट कर दिव्यांशी द्वारा स्वागत किया गया। वहीं मुस्कार पिप्पल ने अतिथि का परिचय प्रदान किया। इस अवसर पर अतिथि मुख्य वक्ता हर्षिता यादव ने अपने व्याख्यान में कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता, करियर उन्नयन और छात्रों के समग्र विकास के लिए व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल अत्यंत आवश्यक है। आज का जीवन इन गुणों के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंने बीएड एवं बीए-बीएड के छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखते हुए उनके भावी जीवन में आने वाली चुनौतियों के व्यवहारिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान के दौरान सवाल-जवाब सत्र का आयोजन भी किया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सवालों का मुख्य वक्ता हर्षिता यादव ने बड़े ही सहज और सरल अंदाज में उदाहरणों के साथ जवाब देकर उनकी जिज्ञाषाओं को शांत किया। इस दौरान एक छात्र ने पूछा कि बीएड पाठ्यक्रम के सिद्धांत बाहरी दुनिया से मेल खाते हैं। इस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में उन्नति के लिए ज्ञान अनिवार्य है, लेकिन उसके साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आईटीएम यूनिवर्सिटी से प्राप्त व्यवहारिक प्रशिक्षण आज भी उनके कार्य में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संवाद कौशल, व्यवहारिक समझ और ज्ञान की प्रभावी प्रस्तुति पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। आज के समय में शिक्षण क्षेत्र में सैलरी को लेकर क्या अपेक्षा रखनी चाहिए।

इस सवाल का जवाब देते हुए मुख्य वक्ता हर्षिता यादव ने जवाब देते हुए कहा कि सैलरी और अपेक्षाएं हमेशा ऊंची रखनी चाहिए, लेकिन उसके अनुरूप परिश्रम भी उतना ही करना आवश्यक है। केवल अपेक्षाएं बढ़ाने से निराशा ही हाथ लगती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'जितनी मीठी चाय पीनी हो, उतनी ही शक्कर डालनी पड़ती है। वहीं एक अन्य छात्र ने पूछा कि क्या छात्रों को पढ़ाते समय कोई बुरा अनुभव रहा है। इस का जवाब देते हुए हर्षिता ने कहा कि बिना तैयारी के कक्षा में जाना ही सबसे बुरा अनुभव होता है। 11वीं-12वीं के छात्र केवल सैद्धांतिक ज्ञान के लिए नहीं, बल्कि शिक्षक के व्यवहारिक ज्ञान और कौशल से सीखने के लिए आते हैं।

जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ प्रवीण भार्गव का हार्ट अटैक से निधन

कुछ महीने बाद ही था रिटायरमेंट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। नगर निगम जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ सहायक वर्ग तीन प्रवीण भार्गव का गुरुवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर निगम में शोक की लहर छा गई। अंतिम संस्कार पैतृक गांव नरवर जिला शिवपुरी में किया जाएगा। प्रवीण भार्गव कुछ महीने

बाद ही विभाग से रिटायर होने वाले थे। तहत महलगांव स्थित प्रधानमंत्री आवास फ्लैट में प्रवीण भार्गव को सुबह 5 बजे हार्ट अटैक आया और कुछ देर बाद उनका निधन हो गया। प्रवीण भार्गव अपनी वाकपटुता और हंसमुख प्रवृत्ति के कारण विभाग में हर किसी के प्रिय थे। मदाखलत विभाग में काफी लंबे समय तक वह इंस्पेक्टर के पद पर रहे और अपनी दमदार कार्यशैली के कारण अतिक्रमणकारियों में खौफ कायम रखते थे। नगर निगम अफसर महलगांव पहुंचे और प्रवीण भार्गव को श्रद्धाजंलि अर्पित की। दोपहर 1 बजे उनका पार्थिव शरीर नरवर शिवपुरी के लिए रवाना हुआ।

जीटी एक्सप्रेस से गिरे दो युवकों की मौत

रेलवे यार्ड के पास हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। जीटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे दो युवकों की नीचे गिरकर मौत हो गई। हादसा अनंतपेठ रेलवे यार्ड के पास हुआ। जिसकी सूचना पाकर पहुंची जीआरपी पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए पहुंचाने के उपरांत घटना के कारणों का पता लगाने को विवेचना की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जीटी एक्सप्रेस से दो युवक अचानक रेलवे ट्रैक पर जा गिरे। युवकों के साथ यात्रा कर रहे उनके तीन अन्य साथियों ने तुरंत इसकी जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके दी। जहां से सूचना पाकर जीआरपी की टीम तत्काल युवकों को तलाशते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंची, तो डबरा रेलवे स्टेशन से लगभग 10 किलोमीटर दूर अनंतपेठ रेलवे यार्ड में किलोमीटर नंबर 1191/28-30 पर दोनों के क्षत विक्षत शव मिल गए।

नागपुर में मजदूरी करते थे दोनों: मृतकों की पहचान अरबाज अली पुत्र कौशर अली (23) और मोहम्मद अयान पुत्र मकसूद (19) के रूप में हुई है। दोनों उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर जिले के निवासी थे।

CHANGE OF NAME & D.O.B.

I, R KOTHUIAMMAL mother of No. 17012367L Rank- NK Name- VENKADESH R, currently residing at 315/6, SRINIVASA NAGAR, 2 ND STREET, KOVILPATTI, INAM MANIYACHI, THOOTHUKKUDI, TAMIL NADU- 628502 have changed my name from R KOTHUIAMMAL to KOTHAIYANDAL R & D.O.B. from 01/07/1962 to 07/09/1962 Vide Affidavit No. BX 142309 & Date- 04.02.2026 before District Court Gwalior

आम सूचना

हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है की सदर संपत्ति फ्लैट क्र. 401 संपत्ति क्र. 63 कृष्णा विला अचलेश्वर विहार ग्वालियर म.प्र. का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का संपादन पूर्व संपत्ति स्वामी श्री शशिकांत पाल पुत्र श्री रघुवर दयाल पाल व श्रीमती आशा देवी पाल पत्नि श्री शशिकांत पाल द्वारा दिनांक 10.02.2018 को मेरे पक्षकार श्री लोकेन्द्र सिंह पुत्र श्री वेद प्रकाश सिंह के पक्ष में किया गया है तथा इस संपत्ति का रिक्त कब्जा सौंपा गया तदुपरांत मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ग्रहम हाउसिंग फाइनांस द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया गया। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है की पूर्व संपत्ति स्वामी द्वारा उक्त संपत्ति पर पंजाब एंड सिंध बैंक से भी ऋण ले लिया गया है जो मेरे पक्षकार के विक्रय पत्र संपादन के बाद का है जिसके संबंध में संबंधित थाने में शिकायत की जाकर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। वर्तमान में पूर्व संपत्ति स्वामी का कोई अता पता नहीं है तथा उक्त संपत्ति में मेरे पक्षकार का घरेलू सामान रखा होकर के ताला लगा होकर पूर्ण भौतिक कब्जा है। अतः समस्त आम व खास को सूचित/सावधान किया जाता है की उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का समव्यवहार (खरीद-फरोक्त) न करें। यदि किया जाता है तो वह हमारे पक्षकार के हितों के समक्ष निष्प्रभावी व अवैध होगा एवं समव्यवहार कर्ता स्वयं उत्तरदायी होगा।

द्वारा अभिभाषक: रोहित सिंह कुशवाह
पक्षकार मोबाइल नं.:9301579153

आम सूचना (सम्बन्ध विच्छेद)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा श्रीमती सीमा राठौड़ पत्नी स्व. श्री सत्यभान सिंह राठौड़, निवासी-सरमन नगर, चार शहर का नाका, हजीरा, जिला ग्वालियर (म.प्र.). हाल निवासी- शनि बाड़ा कॉलोनी, उरहाना गांव के सामने,शनिचरा हाईवे, मुरैना (म.प्र.) की निवासी है। मेरी पक्षकारा के परिवार में छः पुत्र-पुत्री हैं जिनमें बड़ी पुत्री प्रतीक्षा, दिशा व शालू की शादी हो चुकी है। वर्तमान में आकांक्षा, पुत्र निशान्त व प्रशान्त मेरी पक्षकारा के साथ निवासरत हैं, जिनमें निशान्त द्वारा अपनी मर्जी से प्रेम विवाह आस्था पुत्री सत्यवीर सिंह सिकरवार, निवासी-सती विहार कॉलोनी, ग्राउण्ड के पास, मछली मण्डी के पास, चार शहर का नाका लधेड़ी, जिला ग्वालियर से किया गया है। शादी के बाद से ही आस्था व आस्था के मायके पक्ष का व्यवहार मेरी पक्षकारा व मेरी पक्षकारा के परिवार के साथ अच्छा नहीं है व आस्था द्वारा निशान्त के साथ भी अच्छा व्यवहार नहीं रखा जाता है, काफी समय से निशान्त व आस्था मेरी पक्षकारा से साझा गृहस्थी में पृथक रह रहे हैं व वर्तमान में आस्था एवं उसके मायकेवालों द्वारा मेरी पक्षकारा व मेरी पक्षकारा के परिवारजन के साथ बुरा व्यवहार कर झूठी शिकायतें की जा रही हैं जिससे मेरी पक्षकारा व मेरी पक्षकारा का परिवार काफी परेशान हो चुका है, इस कारण मेरी पक्षकारा अपने पुत्र निशान्त व उसकी पत्नी आस्था से सभी प्रकार के पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करती है व इस संबंध विच्छेद सूचना के माध्यम से सूचित करती है कि भविष्य में निशान्त व आस्था के मध्य हुये किसी भी विवाद, लड़ाई,झगड़े के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, जिसमें मेरी पक्षकारा व उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं होगा। अतः सभी आम व खास को सूचित किया जाता है कि, यदि निशान्त व आस्था द्वारा यदि कोई व्यक्ति, निकाय, संस्था बैंक इत्यादि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार अथवा लेन देन किया जाता हैं अथवा उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का अपराध पंजीबद्ध होता है अथवा उनके द्वारा किसी से भी किसी भी प्रकार का विवाद किया जाता है तो उनके द्वारा किये गये लेनदेन, आपराधिक कृत्यों अथवा किसी प्रकार के कृत्य की समस्त जवाबदारी निशान्त व आस्था की स्वयं होगी, मेरी पक्षकारा व उसके परिवार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित हों।

दिनांक : 05/02/2026

प्रेषक
श्रीमती सीमा राठौड़
द्वारा अभिभाषक
विवेक सिंह तोमर,एडवोकेट

त्रि-आयामी मुद्रण पर संवाद सत्र आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉन्क्लेव केंद्र में मैकेनोवा-2026 के अंतर्गत कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (कैड) एवं त्रि-आयामी मुद्रण विषय पर एक विशेषज्ञ संवाद सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि यह आयोजन यांत्रिकी विभाग तथा कैड क्रू क्लब द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर वैभव शिवहरे ने कैड क्रू क्लब की गतिविधियों का परिचय दिया तथा बताया कि आधुनिक अभियान्त्रिकी में संगणक सहायता प्राप्त अभिकल्पन किस प्रकार डिज़ाइन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और उन्नत बनाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के पूर्व छात्र अजीत राजपूत डिवीजनल अभियंता, मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचारों के व्यावहारिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रेरक विचार साझा किए। मुख्य वक्ता अभिनव मिश्रा (इमोटेक) ने कैड एवं त्रि-आयामी मुद्रण तकनीक पर गहन एवं विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों से अभिकल्पन और निर्माण प्रक्रियाएँ अधिक सटीक, तीव्र, किफायती तथा नवाचार-उन्मुख बन रही हैं और विभिन्न उद्योगों में इनका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। सत्र के अंत में प्रश्न-उत्तर संवाद आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता हेतु कैड क्रू क्लब ने मुख्य वक्ता, मुख्य अतिथि तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर भूपेन्द्र पांडे शरद अग्रवाल तथा नितिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

मौसम में बदलाव से ओपीडी में बढ़ी भीड़

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। मौसम में आ रहे पल-पल पर बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। आज सुबह से ह हजार बिस्तर अस्पताल में संचालित ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंचे। मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण अस्पताल प्रबंधन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। अभी कुछ समय पूर्व तक मौसम में गर्म होने लगा था लेकिन पिछले दिनों हुई बूंदा-बांदी से मौसम में एक बार फिर से ठंडक आ गई और जैसे ही मौसम ने करवट ली वैसे ही लोग विभिन्न मौसमी बीमारियों से ग्रसित होकर चिकित्सकों की शरण में पहुंचने लगे। हालात यह है कि सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। चिकित्सकों को सुबह से लेकर देररात तक बात करने की फुर्सत नहीं मिल रही। इस मौसम का सबसे अधिक असर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। जरा सी लापरवाही के कारण लोग मौसमी बीमारियों बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी तथा उल्टी दस्त का शिकार होकर चिकित्सकों की शरण में पहुंच रहे हैं।

एक दर्जन नामजद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

मामला सरपंच हत्याकांड के गवाह पर फायर करने का

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। बन्हेरी सरपंच हत्याकांड के गवाह पर फायर करने के मामले में आरोन थाना पुलिस द्वारा एक दर्जन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की औपचारिकता अवश्य पूरी कर ली गई है, लेकिन अब भी वह घटना को संदिग्ध मान रही है। यही वजह है कि मामले में किसी को अरेस्ट नहीं करते हुए हकीकत का पता लगाने के लिए हर एंगल से विवेचना जारी है। जानकारी के मुताबिक आरोन थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बन्हेरी निवासी नीतेश रावत पुत्र नंदकिशोर रावत (35) बीते मंगलवार की रात कमर में गोली लगने से घायल हो गया था। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाकर पूछताछ शुरू की। जिसमें घायल ने बताया कि वह गांव के बाहर गुटखा लेने गया था, जहां से लौटते वक्त रास्ते में गांव के ही एक दर्जन लोगों ने उसकी बाइक रुकवाकर हमला कर दिया। जब वह उनसे बचकर भागा, तो उन्होंने कट्टे से फायर ठोक दिया, जिससे कमर में गोली लगने से वह घायल हो गया। चूंकि घायल बन्हेरी के पूर्व सरपंच विक्रम रावत हत्याकांड में महत्वपूर्ण गवाह है, ऐसे में पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। जिससे पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई। वहीं पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगने लगे थे, इस कारण पुलिस द्वारा फरियादी के बताए अनुसार बीते रोज नामजद एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

यह है संदेह की मुख्य वजह: पुलिस को घटना पर संदेह होने की मुख्य वजह यह है, कि नीतेश की कमर में गोली लगी है, डॉक्टर्स के मुताबिक जिस जगह गन शॉट है, वहां जले जैसा निशान हो गया है। जो गोली बेहद करीब से मारने से बनता है। वहीं एक दर्जन लोगों द्वारा हमला किए जाने के बावजूद घायल के सिर्फ गोली लगी है, शरीर के अन्य किसी हिस्से में उसके कोई चोट नहीं है। पुलिस का मानना है कि यदि इतने लोग एक साथ हमला करते, तो अकेले युवक को कहीं और भी चोट लगती। बहरहाल इन पेंच के कारण ही पुलिस द्वारा मामले की हर एंगल से पड़ताल की जा रही है।

इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस द्वारा मामले में जिन 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें उमराव सिंह पुत्र चिम्मन सिंह, हरि उर्फ बनिया पुत्र चिम्मन सिंह, नरेश पुत्र मदन सिंह, केबरन पुत्र राजेंद्र सिंह, धन सिंह पुत्र किशनलाल, रामराजा पुत्र रोशन सिंह, हरी सिंह पुत्र कुंवर राज, रणवीर पुत्र तोरण, उदयभान पुत्र बाबूलाल, मदन सिंह पुत्र अजमेर, रन्धौर पुत्र धनपाल व रामकिशन पुत्र चेहूराम निवासीगण ग्राम बन्हेरी शामिल हैं। जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 115(2), 126(2), 109, 191(2), 191(3) व 190 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

इनका कहना है...

युवक को गोली मारने के मामले में एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। घटना संदिग्ध प्रतीत होने से फिलहाल इसकी हर एंगल से जांच की जा रही है।

अभिनव शर्मा,
थाना प्रभारी, आरोन

एसएलपी में लगा एनएसएस का शिविर ,रैली निकाली

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। शासकीय श्यामलाल पांडवीय महा विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा शिविर के विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुघ्न सिंह तोमर ने की। मुख्य वक्ता एनएसएस के जिला संगठक डॉ. मनोज अवस्थी थे। कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप सिंह भदौरिया व संरक्षक डॉ. एके सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। आरंभ में मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. शत्रुघ्न सिंह ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और सामाजिक चुनौतियों की जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज अवस्थी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा से आत्मिक संतोष प्राप्त होता है और यह समाज के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। डॉ. एके सिंह ने कहा कि एनएसएस को केवल शिविर मानना इसकी आत्मा को सीमित करना है। यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास और जीवन मूल्यों के निर्माण की एक सशक्त कार्यशाला है। संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक दीपक दीक्षित ने किया। इस अवसर पर काजल शर्मा, छोटू तोमर, आलोक वर्मा, पूजा दंडोतिया, प्रियांशी शर्मा, हर्षिता आर्य, रणवीर, वर्षा बाथम सहित 70 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

न्यायालय प्रधान के अतिरिक्त न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर म.प्र.

प्रकरण क्रमाक 1103/2024 एम.जे.सी.आर

श्रीमती संजना परिहार
...आवेदिका
बनाम
संतोष उर्फ सनी परिहार
...अनावेदक

बनाम अनावेदक संतोष उर्फ सनी परिहार पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश निवासी मेहरा टोल टैक्स के सामने, न्यू आर.टी.ओ आफिस के पास, थाना हुरावली जिला ग्वालियर म.प्र.

// सूचना पत्र //

यहकि, आवेदिका श्रीमती संजना परिहार पत्नी श्री संतोष उर्फ सनी पुत्री श्री पोथीराम निवासी- महावीर चौक घोसपुरा नं 1 हजीरा ग्वालियर के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष याचिका अनतर्गत धारा 144 भा.ना.सु.सं के तहत प्रस्तुत की गई है। अतः जरिये सूचना पत्र से आप अनावेदक संतोष उर्फ सनी परिहार को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में अपना जवाब इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 11/02/2026 को प्रातः 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी। आज दिनाक 20/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(श्री आशीष कुमार मिश्रा)
प्रधान के अतिरिक्त
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब
न्यायालय ग्वालियर म.प्र.

बेचना के लिए

आनंद नगर में रोड फेसिंग कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु। 2000 वर्गफुट में बना मकान 8 दुकानें व 2 मंज़िल। निवेश के लिए बेहतरीन अवसर।

तुरंत संपर्क करें
9301101246

अटल स्मारक एवं म्यूजियम का कार्य 30 सितम्बर तक होगा पूर्ण

कलेक्टर चौहान ने अटल स्मारक के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में ग्वालियर में 20 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अटल स्मारक एवं संग्रहालय का कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण होकर आमजनों के अवलोकन हेतु उपलब्ध हो जायेगा। कार्य को गति प्रदान करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने दिए हैं। सिरोल पहाडी पर बन रहे अटल समास्क एवं संग्रहालय का कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य को तेज गति से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अटल समास्क एवं संग्रहालय का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। जिससे इसे जल्द से जल्द जनता के लिए खोला जा सके। अटल स्मारक एवं संग्रहालय के सिविल कार्य के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में 6.80 करोड रूपये प्रदान किए हैं।

कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने अटल स्मारक एवं संग्रहालय के पूरे डिजाइन एवं उसके कार्यों को देखा। अटल स्मारक एवं संग्रहालय सिरोल पहाडी पर 10 एकड़ में बनाया जा रहा है। तीन मंजिला इस अटल स्मारक एवं संग्रहालय में प्रत्येक मंजिल पर अटल जी से संबंधित स्मृतियों को दर्शाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने बेसमेंट का निरीक्षण किया । निरीक्षण में बताया कि बेसमेंट का क्षेत्रफल 290 वर्ग मीटर है। बेसमेंट हॉल में सूचना पटल लगाया जाएगा। साथ ही अटल जी का प्रदर्शन क्षेत्र रहेगा एवं अटल जी की भव्य मूर्ति लगाई जाएगी। साथ ही लिफट, लॉबी एवं सीढियां रहेंगी। इसके बाद ग्राउण्ड फलोर पर 46 वर्गमीटर क्षेत्र में इतिहास गैलरी लगाई जाएगी, जिसमें भारत का इतिहास एवं स्वतंत्र भारत के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर अटलजी का भव्य वर्चुअल स्टैचु लगाया जाएगा। हिस्टी लॉग में अटल जी की जीवन एवं कार्यशैली के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही तोश खाना गैलरी में पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को मिले उपहार एवं पुरस्कार प्रदर्षित किए जाएंगे। जबकि डिस्प्ले कॉरिडोर में आंगतुकों के लिए विभिन्न प्रकार के कला प्रदर्षित की जाएंगी साथ ही बैठक भी रहेगी। निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि अटल स्मारक एवं म्यूजियम के निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। स्मारक के सभी काम 30 सितम्बर तक पूर्ण कर आमजनों के अवलोकनार्थ उपलब्ध करा दिया जायेगा।

रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। हरिशंकरपुरम रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने को लेकर एजी ऑफिस के मुख्य महालेखाकार सिद्धार्थ बोंडाडे, कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान एवं प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले एजी ऑफिस की सुरक्षा वॉल विभाग बनाकर देगा, इसके बाद बाउण्ड्री हटाई जाएगी। इसके साथ ही एजी ऑफिस के अधिकारियों ने मांग की है कि उनकी जितनी जमीन इस निर्माण कार्य में जा रही है, उतनी जमीन शासन की ओर से उन्हें दी जाए। बैठक में इसके साथ अन्य मुददों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान उप महालेखाकार महेश प्रसाद श्रीवास्तव व संभागीय प्रबंधक राजेश दाहिमा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



प्रभारी मंत्री सिलावट 11 एवं 12 को ग्वालियर भ्रमण पर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 फरवरी। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 11 एवं 12 फरवरी को ग्वालियर भ्रमण पर रहेंगे। ग्वालियर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही गत दिनों ग्वालियर में ओलावृष्टि से प्रभावित हुए किसानों से मुलाकात करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 11 फरवरी को प्रातः ग्वालियर आकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही ओला प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित किसानों से रूबरू होंगे। 11 फरवरी को ही डबरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट शहर विकास के कार्यों का अवलोकन करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, क्लीनर घायल

ग्वालियर। मुरार थाना क्षेत्र के बड़ागांव में भारत होटल के सामने कुछ दिन पहले हुए हादसे की रिपोर्ट पुलिस ने पांच दिन बाद लिखी। इस हादसे में ट्रक में बैठे क्लीनर को गंभीर चोट आई थी और उसके दोनों पैर चोटिल हो गए थे। पुलिस ने ट्रक के आरोपी चालक के खिलाफ मामला कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मदाखलत अमले ने महाराज बाड़ा से हटाया अतिक्रमण

ग्वालियर, 5 फरवरी। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभ अंतर्गत महाराज बाड़ा, नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टाउन हॉल, टोपी बाजार, माधवगंज चौराहा, गोरखी स्काउट एवं छापाखाना पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपथियो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई।